प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
31.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जिला स्तरीय न्यायिक अधिकारियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट और सिक्के का अनावरण करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में बुनियादी ढांचे, समावेशी अदालत कक्ष, न्यायिक सुरक्षा, मुकदमों के प्रबंधन और प्रशिक्षण सहित जिला न्यायपालिका के मुद्दों पर पांच सत्र होंगे।

पोषण माह

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कल शिमला में सातवें राष्ट्रीय पोषण माह का प्री–लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि एक से 30 सितम्बर तक प्रदेश भर में चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश के भविष्य को स्वस्थ और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। शांडिल ने कहा कि पोषण अभियान के अन्तर्गत छः वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों में अल्प पोषण, अनिमिया व कम वजन और किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं की समस्याओं का निराकरण करने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य व आयुष विभाग के समन्वय से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कांगड़ा जिला में वर्ष 2023–2024 में 55 करोड़ 91 लाख व्यय किए गए हैं ताकि रोगियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। धर्मशाला में जिला स्तरीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि इस वित वर्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 52 करोड़ 47 लाख व्यय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपायुक्त ने ग्रामीण स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई ताकि ग्रामीणों को उपचार के लिए शहरों की तरफ न जाना पड़े। **बाल विकास**

महिला एवं बाल विकास विभाग और ग्रामीण विकास व पंचायतीराज विभाग के सहयोग से कल हमीरपुर के टौणीदेवी में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र के पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान कहा कि महिला सशक्तिकरण में पंचायतीराज संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और सामाजिक ताने–बाने में ये संस्थाएं शिल्पकार की भूमिका निभाती है।

रोगी कल्याण समिति

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू की रोगी कल्याण समिति की वार्षिक बैठक कल उपायुक्त तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपायुक्त ने बताया कि वित्त वर्ष 2023–24 के लिए कुल 3 करोड़ 10 लाख रुपये के संशोधित बजट को मंजूरी प्रदान की गई। वहीं वर्ष 2024–25 के लिए 4 करोड़ 52 लाख अनुमानित बजट पारित किया गया है। यह राशि रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खर्च की जाएगी।

<u>पैरालिम्पिक</u>

पेरिस पैरालिम्पिक खेलों में भारत की शानदार शुरूआत हुई है। कल दूसरे दिन भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। निशानेबाजी में अवनी लेखरा ने दस मीटर एयर राइफल स्टेंडिंग एस.एच–1 में स्वर्ण पदक जीता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वर्ण पदक जीतने पर भारतीय निशानेबाज अवनि लेखरा और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर मनीष नरवाल को अपनी शुभकामनाएं दीं।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से–––––

आज सभी समाचार पत्रों ने विधानसभा सत्र से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी का शीर्षक है–शर्तें न मानीं तो सुन्नी, धौलासिद्ध और लुहरी परियोजना का अधिग्रहण करेगी सरकार। दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है–पूर्व सरकार ने बिजली प्रोजैक्टों में हिमाचल के हितों को बेचा। आपका फैसला के शब्द हैं–ड्रोन को लेकर विधानसभा में गहमा–गहमी। हिमाचल दस्तक का कहना है–प्रदेश सरकार किसी की जासूसी करने में विश्वास नहीं रखती। जबकि दिव्य हिमाचल के मुताबिक–हंगामे की भेंट चढ़ी कार्यवाही। अमर उजाला की सुर्खी है–मंकी पॉक्स के संदिग्धों के सैंपलों की आईजीएमसी, एनआईवी पुणे में जांच– स्वास्थ्य महकमे ने अस्पतालों को किया अलर्ट, सैंपल तुरंत भेजने के निर्देश। दैनिक जागरण की सुर्खी है–वन विकास निगम का मंडलीय प्रबंधक 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार। पंजाब केसरी लिखता है–बेफिक्र होकर आएं मणिमहेश, राधाष्टमी के शाही स्नान के लिए सुरक्षा प्रबंध पुख्ता। मौसम पर दैनिक भास्कर ने खब़र को सचित्र प्रकाशित करते हुए सुर्खी दी है–हिमाचल में दो दिन शांत रहकर, 2 सितंबर से फिर एक्टिव होगा मॉनसून एक सौ 35 सड़कें बंद, एक सौ 32 ट्रांसफार्मर प्रभावित–तीसरे दिन बहाल हुआ निगुलसरी एनएच–5।